संदेश

दशहरा के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं।

दशहरे का त्यौहार अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है। यह नैतिकता एवं सदाचार की शक्ति का भी प्रतीक है। यह आदर्श आज पूरी मानवता के लिए अत्यधिक प्रासंगिक हैं।

देश के अलग-अलग भागों में तथा भारतवंशियों द्वारा विदेशों में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे महान राष्ट्र के साझा मूल्यों और संस्कृति को दर्शाता है।

यह त्यौहार राम के जीवन से जुड़े मानवीय और सामाजिक मूल्यों को याद दिलाता है। एक आदर्श व्यक्ति के रूप में राम का चरित्र समाज के हर व्यक्ति को कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता और जनसेवा की शिक्षा देता है।

आइए हम सब संकल्प लें कि हर प्रकार की बुराइयों से लड़ते हुए हम सब एक आदर्श परिवार, समाज, देश और विश्व के निर्माण में अपना-अपना कुछ-न-कुछ योगदान अवश्य करेंगे।